फतेहपुर में नकली प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का भंडाफोड़, सुप्रीम ब्रांड के नाम पर धोखाधड़ी

संवाद सूत्र, हथगाम (फतेहपुर)। फतेहपुर के हथगाम कस्बा के सिठौरा रोड पर दिल्ली से आए कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ मिलकर नकली प्लास्टिक पाइप बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। देर रात तक चली जद्दोजहद के बाद टीम के विधिक सहायक ने फैक्ट्री संचालक महिला के नाम कापी राइट एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया।

दिल्ली के शाहदरा करकरडूमा काम्पलेक्स फ्लैट 302 निवासी कुलदीप सिंह, क्रिक एलपी कल्सन्टेंसी में विधिक सहायक हैं। बताया कि शिकायत मिली कि हथगाम कस्बा के सिठौरा रोड पर संचालित फैक्ट्री में नकली प्लास्टिक पाइप बनाकर उनकी बाजार में बिक्री की जा रही है। जिससे असली कंपनी की साख प्रभावित होने के साथ ही ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी हो रही है।
विधिक सहायक ने बताया कि सुप्रीम कंपनी का अधिकृत प्रतिनिधि होने से उन्हें असली व नकली की पहचान करने की समझ और अधिकार प्राप्त है। शनिवार शाम वह तकनीकी विशेषज्ञ मोहित यादव, दीवान सिंह तथा स्थानीय थाने की पुलिस फोर्स के साथ सिठौरा रोड स्थित एडीपी पाइप इंडस्ट्रीज गए तो वहां पर कस्बा निवासी राजेश कुमार मिले।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/fatehpur-fake-supreme-plastic-pipe-factory-busted-in-hathgam-fatehpur-40150768.html